# दिल्ली विकास प्राधिकरण

(मुख्य योजना अनुभाग)

## सार्वजनिक सूचना

नई दिल्ली, 12 सितम्बर, 2025

**फा.स.: पीएलजी/एनपी/0001/2025/सीएलयू/–ओ/ओ डायरेक्टर(पीएलजी) नरेला प्रोजेक्ट** – दिल्ली विकास प्राधिकरण/केंद्र सरकार का दिल्ली विकास अधिनियम, 1957 की धारा 11–क के अंतर्गत मुख्य योजना–2021/जोन पी–I (नरेला सब – सिटी) की क्षेत्रीय विकास योजना में निम्नलिखित संशोधन करने का प्रस्ताव है, जिसे जनता की जानकारी के लिए एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है। प्रस्तावित संशोधन के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो/सुझाव देना हो, तो वे अपनी आपत्ति/सुझाव इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से तीस (30) दिन की अवधि के अंदर **citzservices.dda.org.in** ऑनलाइन पोर्टल अथवा ई–मेल के माध्यम से **mpd2021.public@dda.org.in** पर या लिखित रूप में आयुक्त एवं सचिव, दिल्ली विकास प्राधिकरण, 'बी' ब्लॉक, विकास सदन, नई दिल्ली–110023 को भेज सकते हैं। आपत्ति करने अथवा सुझाव देने वाले व्यक्ति अपना नाम, पता और टेलीफोन नबर/संपर्क नबर/ई–मेल आई.डी. भी दें, जो पठनीय हो।

**प्रस्तावित संशोधनः**

| अवस्थिति | क्षेत्रफल (एकड़ में) | एमपीडी 2021/जेडडीपी जोन पी–I के अनुसार भूमि उपयोग | भूमि उपयोग जिसमें परिवर्तित किया जाना है। | सीमाएं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| सेक्टर जी–3/जी–4 नरेला | 29.83 | वाणिज्यिक | सार्वजनिक अर्ध–सार्वजनिक | **उत्तरः** डीडीए की खाली पड़ी भूमि<br>**दक्षिणः** यूईआर–II के साथ 40 मी. ग्रीन बफर/स्ट्रिप<br>**पूर्वः** डीडीए की खाली पड़ी वाणिज्यिक भूमि<br>**पश्चिमः** डीएसआईआईडीसी भूमि |
| सेक्टर जी–3/जी–4 नरेला | 45.17 | आवासीय | सार्वजनिक अर्ध–सार्वजनिक | **उत्तरः** मेट्रो विहार कॉलोनी के साथ 40 मी. प्रस्तावित सड़क<br>**दक्षिणः** डीडीए की खाली पड़ी भूमि<br>**पूर्वः** डीडीए की खाली पड़ी आवासीय भूमि<br>**पश्चिमः** डीएसआईआईडीसी भूमि |

प्रस्तावित संशोधन को दर्शाने वाला नक्शा निरीक्षण के लिए उपर्युक्त संदर्भित अवधि के दौरान सभी कार्य–दिवसों में उप निदेशक कार्यालय, मुख्य योजना अनुभाग, दिल्ली विकास प्राधिकरण, छठी मंजिल, विकास मीनार, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली–110002 में उपलब्ध रहेगा। प्रस्तावित संशोधन को दर्शाने वाला पाठ/नक्शा निम्नलिखित लिंक अर्थात **https://dda.gov.in/mpd-2021-public-notices-2025** और **https://164.100.63.104/mpd-2021-public-notices-2025** पर भी उपलब्ध रहेगा।

(सुरेन्द्र कुमार मीणा)
आयुक्त एवं सचिव

**हमें यहाँ फॉलो करें : ddaofficial official_dda official_dda**

**"कृपया दि.वि.प्रा. की वेबसाइट www.dda.gov.in देंखे और डायल करें टोल फ्री नं.: 1800110332"**